हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 31 जनवरी 2026


तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री


12 सशिमं में डौंडी लोहारा धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस




11 मनरेगा को खत्म कर गरीबों का आजीविक..





## खबर संक्षेप



### समिति पिनकापार में 63341 क्विं धान की खरीदी, मना जश्न

**बालोद/सिकोसा।** सेवा सहकारी समिति पिनकापार में शुक्रवार तक 63341.60 किवंटल धान की खरीदी की गई है। सोसायटी के काम करने वाले महिला पुरुष को गुलाल लगा कर मुंह मीठा कर जश्न मना और विदाई दी गई। कांटा ठेकादार ललीत चन्द्राकार ने कहा सभी मजदूर ने अच्छी मेहनत की है। इस अवसर पर अध्यक्ष वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी राजेश चंद्राकर, नोडल अधिकारी पीतेश्वरी सूर्यवंशी, निगरानी सदस्य हेमंत साहू, पटवारी नेहा ध्रुवे, समिति प्रबंधक नितेश सिन्हा, हितेंद्र यादव, मनीष साहू, वैष्णवी साहू, फागेशवर देशमुख, निर्मला देशमुख सभी उपस्थित थे।

### फाइलेरिया उन्मूलन अभियानः सामूहिक दवा सेवन 10 फरवरी से

**बालोद।** भारत सरकार के द्वारा वर्ष 2027 तक पूरे देश को फाइलेरिया मुक्त किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। फाइलेरिया उन्मूलन एवं कृमि मुक्ति हेतु सामूहिक दवा सेवन हेतु जिले में अलग–अलग तिथियों में सामूहिक दवा सेवन कराया जाएगा। जिसके अंतर्गत 10 फरवरी से 12 फरवरी 2026 तक आंगनबाड़ी, स्कूल, शैक्षणिक संस्था, रेलवे, बस स्टैंड एवं हाउसिंग सोसाइटी में बूथ लगाकर दवा सेवन कराया जाएगा। इसी तरह 13 फरवरी से 22 फरवरी तक स्वास्थ्य विभाग के द्वारा घर–घर भ्रमण कर दवा का सेवन कराया जाएगा। 23 से 25 फरवरी तक शेष रहे गए लोगों को दवा का सेवन कराया जाएगा। इसी तरह 10 फरवरी से 25 फरवरी 2026 तक सभी सरकारी एवं निजी स्वास्थ्य केन्द्रों में बूथ लगाकर दवा सेवन कराया जाएगा।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार को दी गई 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता

**बालोद।** अपर कलेक्टर ने आदेश जारी कर राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6 क्रमांक 4 के तहत जिले में प्राकृतिक आपदा नैसर्गिक विपत्तियों के कारण जिले के मृत व्यक्ति के परिवार (निकटतम वारिस) को आर्थिक सहायता अनुदान दिए जाने के प्रावधानों अनुसार 4 लाख रूपए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया है। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को निर्देशित किया है कि वे स्वीकृत राशि का आहरण एवं भुगतान मृतक के निकटतम वारिसान को करने के निर्देश दिए हैं। जारी आदेश में गुरूर तहसील के मृतक रामेश्वरी नेताम के पति बबला नेताम ग्राम कोलिहामार को 4 लाख रूपये स्वीकृत किया गया है।

**मांग**

खरीदी की सीमा और अंतिम दिन की पाबंदियों ने किसानों की बढ़ाई मुश्किलें

# टोकन न मिलने से दिनभर खरीदी केन्द्र में बैठी रहीं पूर्व विधायक, नहीं बिक पाया 268 क्विंटल धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर





भाजपा की सरकार मे भाजपा के ही पूर्व विधायक अपना धान बेचने के लिए दिन भर खरीदी केन्द्र में बैठी रही, लेकिन उनका धान नही बिका। देर रात्रि तक पूर्व विधायक खरीदी केन्द्र मे बैठी रहीं। चूंकि शुक्रवार को धान खरीदी का अंतिम दिवस था, लेकिन समितियो मे लिमिट कम होने से सभी बचे हुए किसानों को टोकन जारी नहीं किया गया।

जिससे धान विक्रय से बचे किसान भी समिति मे अपना धान लेकर पहुंच गए। सेवा सहकारी समिति अरमरीकला में संजारी बालोद की पुर्व महिला विधायक कुमारी बाई साहू भी अपना धान लेकर पहुंची। उन्होने बताया उनका कुल रकबा के हिसाब से 488 क्विंटल धान विक्रय होना है। एक टोकन कटा तब 220 क्विंटल धान बिका, लगातार प्रयास के बाद भी उन्हे दूसरा टोकन नही मिला। टोकन के लिए समिति को कहा जा रहा था, समिति लिमिट कम होने का हवाला देकर टोकन नही दे रही थी। शुक्रवार को धान खरीदी का अंतिम दिवस होने से वे अपना शेश 268 क्विंटल धान लेकर समिति पहुंची। समिति ने उनका धान लेने से यह कहकर इंकार कर दिया कि उनका टोकन नही कटा है जिससे पूर्व विधायक कुमारी बाई दिन भर अपना धान लेकर समिति मे ही बैठी रही।

### धान के विक्रय के लिए करना पड़ रहा संघर्षः पूर्व विधायक

कुमारी बाई के समिति मे ही डटे रहने की सूचना प्राप्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व वहां पहुंचे, वे कुमारी बाई को घर भेजने का हर तरीके से प्रयास करते रहे, लेकिन कुमारी बाई ने स्पष्ट कहा जब तक टोकन जारी कर धान नही खरीदा जाता तब तक वे समिति मे ही बैठी रहेगी। वे रात्रि तक समिति मे ही डटी रही। कुमारी बाई ने कहा धान विक्रय के लिए सुबह से समिति में बैठी हूं। अपने ही धान के विक्रय के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। हमने टोकन के लिए ▶▶|शेष पेज 12 पर

## किसान-मजदूर के अधिकारों को लेकर कांग्रेस ने किया चक्काजाम



**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर तथा डौंडीलोहारा विधायक अनिला भेड़िया की उपस्थिति में भंवरमरा चौक, डौंडीलोहारा में किसानों व मजदूरों के अधिकारों को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा एकदिवसीय धरना प्रदर्शन एवं सांकेतिक चक्का जाम किया गया। यह कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में किसान, मजदूर एवं क्षेत्रवासी शामिल हुए। धरना प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि सरकार द्वारा कई किसानों के धान खरीदी टोकन नहीं काटे जाने से किसानों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। समय पर टोकन नहीं मिलने से धान विक्रय प्रभावित हो रहा है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। कांग्रेस पार्टी ने धान खरीदी की समय-सीमा बढ़ाने की मांग करते हुए कहा कि जब तक सभी पात्र किसानों का धान नहीं खरीदा जाता, तब तक खरीदी प्रक्रिया जारी रखी जाए।

### मनरेगा जारी रखने की हुई मांग एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

मनरेगा को सुचारू रूप से जारी रखने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। वक्ताओं ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण मजदूरों की रोजी-रोटी का प्रमुख साधन है और इसे बाधित करना गरीब व श्रमिक वर्ग के साथ अन्याय है। धरना प्रदर्शन के पश्चात कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल द्वारा धान खरीदी की अवधि बढ़ाने, टोकन समस्या के समाधान तथा मनरेगा को नियमित रूप से संचालित रखने संबंधी मांगों का ज्ञापन एसडीएम डौंडीलोहारा शिवनाथ बघेल को सौंपा गया। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। धरना प्रदर्शन में नवनियुक्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजकुमार प्रभाकर, पूर्व मंडी अध्यक्ष भोला राम देशमुख, विधायक प्रतिनिधि गोविंद चंद्राकर, जिला महामंत्री हस्तीमल संखला, प्रदेश प्रतिनिधि अनिल लोढ़ा, मंडल अध्यक्षगण झुमुक लाल परसाई, गणेश रात्रे, भावसिंह ओटी, मेघनाथ साहू, चंदन भारद्वाज, किशोर साहू, धनराज कोकिला व बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गुण्डरदेही में कांग्रेस का धरनाः मनरेगा बचाओ संग्राम और धान खरीदी बढ़ाने की मांग



**गुण्डरदेही।** महात्मा गांधी जी के पुण्यतिथि अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही के द्वारा बस स्टैंड सिकोसा में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन एवं धान खरीदी की निर्धारित अंतिम तिथि को बढ़ाए जाने की मांग को लेकर दुर्ग–बालोद मुख्य मार्ग में सांकेतिक चक्काजाम कर मुख्यमंत्री के नाम अति. तहसीलदार हेमंत पैकरा को ज्ञापन सौंपा।
सभा को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा मनरेगा का केवल नाम ही नहीं बदला जा रहा है,बल्कि मजदूरों के काम करने के अधिकार एवं न्यूनतम मजदूरी पाने के अधिकारों को छीना जा रहा है, पहले ग्राम पंचायत को अपने गांव के विकास के लिए कार्ययोजना तय करने का अधिकार था जिसे दरकिनार किया जा रहा है, आज शुष्क दिवस के अवसर पर भी राज्य सरकार द्वारा शराब दुकानें खुली रखने की कड़े शब्दों में निंदा की। विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि अभी तक मनरेगा में राज्य सरकार की भागीदारी 10 प्रतिशत होती थी जिसे नए प्रावधानों में 40 प्रतिशत हिस्सा राज्य सरकार को देना होगा जिससे राज्यों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ डाला जा रहा है, खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 में धान खरीदी शुरू से ही सरकार की अदूरदर्शी नीतियों के कारण अव्यवस्थित रहा है, ऑनलाइन एवं ऑफलाइन टोकन व्यवस्था शुरू से ही किसानों के लिए मुसीबत बन गया जिसके वजह से आज 30 जनवरी को आखिरी दिन भी जिले के लगभग 9 हजार किसानों को एक भी टोकन नहीं मिला है, भौतिक सत्यापन के नाम पर अधिकारी–कर्मचारियों द्वारा किसानों को डरा–धमकाकर जबरदस्ती रकबा समर्पण करवाया जा रहा है जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। 160 लाख टन खरीदी के विरुद्ध में अभी बमुश्किल 130 लाख टन धान खरीदी नहीं हुआ है, अगर सरकार धान खरीदी की अंतिम तिथि नहीं बढ़ाती तो आगे और उग्र आंदोलन की जायेगी, आभार प्रदर्शन करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष कचरु साहू ने कहा कि डबल इंजन सरकार की मंशा ना मजदूरों को काम देने की है और ना ही धान खरीदी करने की। कांग्रेस पार्टी काम की गारंटी, मजदूरी की गारंटी, जवाबदेही की गारंटी, मनरेगा में किए गए बदलावों की तत्काल वापसी एवं काम के ▶▶|शेष पेज 12 पर

# फर्जी चोरी की रिपोर्ट का पुलिस ने किया पर्दाफाश, प्रार्थी ही निकले चोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

थाना डोंडी क्षेत्र में दर्ज ट्रक चोरी के मामले का पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा करते हुए फर्जीवाड़े की पूरी साजिश को बेनकाब किया है। प्रार्थी द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार लगभग 43 लाख रुपए की कीमत वाले ट्रक क्रमांक सीजी 21 जे 7111 को 22 जनवरी की रात चोरी बताया गया था। इस पर थाना डोंडी में अपराध क्रमांक 21/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई।

- 43 लाख के ट्रक की चोरी नहीं, बीमा व किश्त से बचने की साजिश निकली

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बालोद योगेश कुमार पटेल (भापुसे) के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका ठाकुर निर्देषन में व नगर पुलिस अधीक्षक राजहरा विकास पाटले के पर्यवेक्षण में चोरी के ट्रक व आरोपी के पतासाजी हेतू सायबर सेल व थाना डौण्डी से विशेष टीम गठित गया था। टीम द्वारा त्रिनयन एप के माध्यम से सीसीटीवी कैमरा फुटेज का बारीकी से एनालिसिस करने पर चोरी हूए ट्रक को चिन्हांकित कर आगे रास्ते में मौजूद सीसीटीवी फुटेज को प्राप्त करते हुए टीम डौण्डी, लोहारा देवरी, राजनांदगांव से सकोली ,देवरी ,नागपुर के सैकड़ो सीसीटीवी कैमरों का फुटेज को प्राप्त कर बारीकी से एनालिसिस किया गया ।

**तकनीकी सबूतों ने फोड़ा चोरों का भांडाः** तकनीकी साक्ष्य सीसीटीवी फुटेज के आधार पर टीम द्वारा नागुपर महाराष्ट्र के आसपास कैम्प कर ट्रक को चिन्हांकित कर उसे ट्रक को खरीदी करने वाले ट्रांसपोर्टर से उसे बरामद कर उससे पूछताछ करने पर पता चला कि आरोपी नरेन्द्र जायसवाल व मनेन्द्र जायसवाल द्वारा स्वयं ट्रक को नागपुर एक दलाल के माध्यम से उस ट्रांसपोर्टर के पास बेचने के लिए आया था। प्रकरण में आरोपी नरेन्द्र जायसवाल व मनेन्द्र जायसवाल को हिरासत मे लेकर बारीकी से पूछताछ करने पर वह अपने कथन में बताया कि व अपने बुआ के बेटा मनोज जायसवाल के नाम पर 2013 मे एक ट्रक क्रमांक सीजी 21 जे 7111 किमती 43 लाख लोन के माध्यम से खरीदा था। मांइस में गाड़ी नही लगने से किस्त नही पटा पा रहे थे। जिससे फायनेंस कंपनी द्वारा लगातार किस्त की रकम पटाने दबाव बनाया जा रहा था। जिससे आरोपी द्वारा अपने भाई ,पिता और एक दलाल के साथ मिलकर ट्रक की चोरी की झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने व बीमा की राशि से ट्रक का किस्त न पटाना पडे. करके उसे नागपुर महाराष्ट्र में बेचने की साजिश रची। दोनो भाई ▶▶|शेष पेज 12 पर




**बिना टिकट यात्रा करने वालों पर रेल प्रशासन की सख्त कार्रवाई**

# रिसामा स्टेशन पर चला एंबुश टिकट चेकिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा समय-समय पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है । जिससे यात्रियों को टिकट लेने के प्रति लगातार जागरूक किया जा रहा है, साथ ही यात्रियों को जागरूक किया जा रहा है कि वे उचित टिकट लेकर सही कोच में बैठे एवं अपनी सुखद यात्रा करें। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी के निर्देशन पर रायपुर मंडल में रिसामा स्टेशन पर एम्बुश टिकट चेकिंग चेकिंग अभियान में 29 जनवरी को चलाया गया जिसमें बिना टिकट यात्रा करने वाले लगभग 154 मामलों से 45525, एक धूम्रपान के मामले से 200 रूपये राजस्व प्राप्त हुआ।

- एक ही दिन में हुई 45 हजार से अधिक की राजस्व वसूली



इस एंबुश टिकट चेकिंग अभियान में कुल 155 मामलों से रायपुर रेल मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा 45725 रूपये का राजस्व प्राप्त किया गया। इस टिकट चेकिंग अभियान में सहायक वाणिज्य प्रबंधक श्री अविनाश कुमार आनंद सहित 3 मुख्य वाणिज्य निरीक्षक, 1वाणिज्य निरीक्षक, 1 उप स्टेशन प्रबंधक सहित 14 टिकट चेकिंग स्टाफ ने स्टेशन पर लोकल ट्रेनोंबुश टिकट चेकिंग जांच की गई ।

### प्लेटफॉर्म टिकट अवश्य खरीदेंः रेल प्रशासन

रेल प्रशासन यात्रियों से आग्रह करता है कि वे यात्रा हेतु उचित टिकट एवं रेल परिसर मे प्रवेश करने के पहले प्लेटफॉर्म टिकट अवश्य खरीदें। रेलगाड़ी एवं रेल परिसर को साफ सुथरा रखने में भी रेल प्रशासन को सहयोग प्रदान करें।

## खबर संक्षेप



### महाविद्यालय में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

**गुरूर**। मां बहादुर कलारिन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय गुरुर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कर मां सरस्वती व भारत माता साथ ही स्वतंत्र सेनानियों को याद कर पुजन अर्चना किया गया। जिसमें महाविद्यालय में अतिथि पूर्व मंडलेश्वर व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कलार समाज छत्तीसगढ घनश्याम सिन्हा, जिला मंत्री कलार समाज जिला बालोद चंद्रहास सिन्हा, पूर्व जिला अध्यक्ष कलार समाज बालोद विनेश गजेंद्र, महाविद्यालय संचालन समिति चंद्रमणि साहू, महाविद्यालय प्राचार्य घनेश्वरी डड़सेना, प्राध्यापक मुरली कुमार सिन्हा, महाविद्यालय एचओडी दामिनी सोनभद्र, रामस्वरूप सिन्हा, अश्वनी कुमार साहू, परमेश्वरी सेन, उपासना गंजीर, तेजेश्वर सिन्हा, दीपिका निषाद, नरेंद्र कुमार खोबरागड़े, हुमन लाल जंजीर, राकेश कुमार पारकर, तहसील समाजसेवी निर्मल कुमार सिन्हा, गुरुर उपस्थिति थे।

### गुरूर के स्वयंसेवकों ने विशाखापत्तनम में छत्तीसगढ़ का बढ़ाया मान




**गुरूर**। स्व. डारन बाई तारम शासकीय महाविद्यालय गुरुर राष्ट्रीय सेवा योजना एवं माय भारत इकाई के स्वयं सेवक नवीन कुमार एवं अल्का मिश्रा ने विशाखापत्तनम में आयोजित इंटर स्टेट यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम शिविर में छत्तीसगढ़ के बालोद जिला से प्रतिनिधित्व किया। यह प्रोग्राम 23 जनवरी से 27 जनवरी विशाखापत्तनम में संपन्न हुआ। इस शिविर में आंध्रप्रदेश और छत्तीसगढ़ के स्वयं सेवकों ने सहभागिता दर्ज की। इस शिविर के लिए चयनित अल्का मिश्रा एवं नवीन कुमार मेरा युवा भारत में पंजीकृत है। शिविर के माध्यम से स्वयं सेवकों ने कराटा, योग, स्पोर्ट का प्रशिक्षण एवं साहित्यिक गतिविधि तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति के साथ कैरियर गाईडेंस कार्यक्रम में भी सहभागिता दर्ज किए। सांस्कृष्ठ प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ की टीम प्रथम स्थान पर रही। भाषण प्रतियोगिता में नवीन कुमार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

### विद्युत विभाग ने मनाया छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव



**गुरूर**। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2025–26 छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे संपूर्ण राज्य में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का आयोजन किया गया है। इसी के तहत सी.एस.पी.डी.सी.एल गुरूर के द्वारा वितरण केन्द्र गुरूर के कार्यालय परिसर में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमे नगर पंचायत गुरूर अध्यक्ष प्रदीप कुमार साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। साथ ही क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ता एवं अधिकारी उपस्थित थे। विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता दुष्यंत पोया के द्वारा विद्युत विभाग के 25 वर्षो की उपलब्धि से अवगत कराया गया साथ ही क्षेत्र के विभिन्न श्रेणी के उपभोक्ताओ को अध्यक्ष के द्वारा प्रशस्त्री पत्र प्रदान किया गया। इसमे उपभोक्ता पीएल सूर्य,घरेलू एवं गैर घरेलू के पिछले लगातार दो वर्षो से हर महिने बिजली भुगतान करने वाले उपभोक्ता में शामिल है। इस दौरान सीएच साहू, हेमराज साहू, आशुतोश पंचागम, राधेश्याम धुरव, कमलेश्वरी साहू, गायत्री साहू, वेदप्रकाश चंदेल, भीशण महमल्ला, रमेश रावलानी, अनिल कुमार साहू उपस्थित थे।

## पुरुर बस स्टैंड पर रह रहे मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति की त्वरित मदद

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने विक्षिप्त व्यक्ति को सुरक्षित इलाज दिलाकर दिखाई मानवता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद






■ सुरक्षा, स्वास्थ्य और कानूनी सहायता के माध्यम से समाज के असहायों की सेवा का संदेश

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद द्वारा एक बार फिर मानवता और सामाजिक दायित्व का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण भारती कुलदीप को सूचना दी गई कि पुरुर के बस स्टैंड क्षेत्र में एक विक्षिप्त व्यक्ति कई दिनों से रह रहा है। उक्त व्यक्ति की शारीरिक एवं मानसिक स्थिति अत्यंत दयनीय है तथा उसके पास न तो रहने की समुचित व्यवस्था है और न ही उपचार की कोई सुविधा उपलब्ध है।

मामले की सूचना मिलते ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव द्वारा इस गंभीर विषय को संज्ञान में लेते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद से तत्काल संपर्क स्थापित किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद के मार्गदर्शन में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की गई जिससे उक्त विक्षिप्त व्यक्ति को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा सके। इसके पश्चात जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद के द्वारा उस विक्षिप्त व्यक्ति को सुरक्षित रूप से गुरूर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा उसका प्राथमिक स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक उपचार किया गया। चिकित्सकीय जांच के दौरान यह पाया गया कि व्यक्ति लंबे समय से मानसिक एवं शारीरिक पीड़ा से ग्रस्त था तथा उसे निरंतर चिकित्सकीय देखरेख की आवश्यकता है तथा विक्षिप्त व्यक्ति की बेहतर चिकित्सा सुविधा को ध्यान में रखते हुए चिकित्सकों की सलाह पर उसे शासकीय जिला चिकित्सालय बालोद रेफर किया गया, ताकि उसका समुचित एवं नियमित इलाज सुनिश्चित किया जा सके।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद के सचिव भारती कुलदीप द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि उक्त व्यक्ति के उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और उसकी स्थिति में सुधार आने तक आवश्यक सभी चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इस संपूर्ण कार्रवाई के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद द्वारा यह संदेश दिया गया कि समाज के उपेक्षित, असहाय एवं मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्तियों की सहायता करना केवल प्रशासनिक कर्तव्य ही नहीं, बल्कि मानवीय दायित्व भी है। प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर ऐसे व्यक्तियों को संरक्षण, चिकित्सा और कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के प्रयास लगातार किए जा रहे हैं।

## महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि, नशामुक्त भारत का लिया संकल्प



**बालोद**। महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान संयुक्त जिला कार्यालय परिसर स्थित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ ही दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर आज बालोद जिले ने नशामुक्ति की दिशा में एक सशक्त कदम उठाया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में नशामुक्त छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करते हुए, यहाँ मौजूद अधिकारी, कर्मचारी और आम नागरिकों ने नशामुक्त भारत बनाने का दृढ़ संकल्प लिया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर मधुहर्ष और डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर, उप संचालक समाज कल्याण अजय गेडाम सहित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।



## ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय का बालिका सम्मान कार्यक्रम, बच्चों ने दिखाया उमंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय प्रभु उपहार भवन द्वारा बालिका सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्रिंसिपल नेम सिंह साहू, कुमारी देविका साहू, भूतपूर्व बीआरसी प्रधान पाठक नंदकुमार साहू, कुमारी हिमांशी साहू, ट्यूशन टीचर ब्रह्माकुमारी सरस ब्रह्माकुमारी, परमेश्वरी, सांता साहू, टेसू बीज भंडार चंद्रिका, बहन डिगेश्वरी, बहन कौशल्या तथा नगर के अलग–अलग स्थान से आए हुए बच्चे विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ वैल्यूज गेम के द्वारा किया गया। बच्चे बड़े ही उमंग उत्साह से प्रतियोगिता में भाग लिए विजेता बच्चों का सम्मान किया गया। प्राचार्य नेम सिंह साहू ने कहा यह दिवस बेटियों को सशक्त बनाने के लिए मनाया जाता है, बालिका जीवन मिलना सौभाग्य की बात है, नारी का हर स्वरूप पूजनीय है, वंदनीय है, आज हमारे भारत देश में माता बहनों के नाम पर देवियों को आगे रखा गया है, गौ माता, गीता, गंगा, गायत्री सभी पूजनीय है, आज हर जगह बालिकाओं ने अपना वर्चस्व बनाया है, हेलीकॉप्टर, हवाई जहाज, ट्रेन सभी जगह पर आज बालिकाएं हैं। हिमांशी ने कहा बेटियां घर आंगन की लक्ष्मी है, सावन की रौनक है, परिवार की सम्मान है, सुने घर की खुशियां हैं। देविका ने कहा लड़कियां लड़कों से हर क्षेत्र में आगे हैं, इससे सिद्ध होता है कि आज हमारा समाज जागरूक हो चुका है, उन्हें बराबरी का दर्जा दिया जा रहा है, भरण पोषण में कोई भेदभाव नहीं किया जा रहा है।

ब्रह्माकुमारी सरस बहन ने कहा आज का दिन नारी को सम्मान और उनके स्वमान की स्मृति दिलाते सशक्त बनाने हेतु यह दिवस पूरा भारतवर्ष में मनाया जाता है, नारी कोमल है, लेकिन कमजोर नहीं, मर्यादा बंधन नहीं हमारी सुरक्षा कवच है, हमें अपने बड़ों का कहना जरूर मानना चाहिए, क्योंकि वह हमारी कल्याण और भलाई के लिए ही हमें नियम और मर्यादा में बांधते है, हमारी भारतीय संस्कृति में बोलचाल, रहन–सहन, पहनावा बहुत ही शक्तिशाली है, आज पाश्चात्य संस्कृति का दिखावा बहुत बढ़ गया है, जिसके कारण दुनिया में अपराध बहुत तेज गति से बढ़ रहा है और इसके पी ना कहीं हम ही जिम्मेवार हैं, क्योंकि हमने मर्यादाओं को पाश्चात्य संस्कृति आवरण बनाकर फैशन का नाम देकर पूरी तरह से तोड़ कर रख दिया है, यही अपराध वृत्ति को जन्म दे रहा है, जिस कारण आज माताएं, बहनें कहीं भी सुरक्षित नहीं है, हमेशा सकारात्मक रहे, कुछ अच्छा कर दिखाने की इतिहास रचने की संकल्पना अपने मन में दृढ़ता पूर्वक संकल्प करें। सभी बच्चों को ईश्वरीय सौगात देकर सम्मानित किया गया।

## गांधी जयंती पर खुली शराब दुकानों को ब्लाक कांग्रेस ने बताया अपमान

हरिभूमि न्यूज:दल्लीराजहरा



■ महात्मा गांधी के आदर्शों के खिलाफ निर्णय, समाज और राष्ट्र के हितों के विपरीत

महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर छत्तीसगढ़ में शासकीय शराब दुकानों को खुला रखे जाने को ब्लाक कांग्रेस कमेटी दल्ली राजहरा ने गंभीर आपत्ति का विषय बताया है। कांग्रेस ने इसे न केवल गांधी विचारधारा का अपमान, बल्कि समाज और राष्ट्र के हितों के विरुद्ध लिया गया निर्णय करार दिया है।

ब्लाक कांग्रेस ने कहा कि महात्मा गांधी शराब को व्यक्ति और समाज के नैतिक पतन का सबसे बड़ा कारण मानते थे। उन्होंने अपने जीवनकाल में नशा मुक्ति और शराबबंदी को लेकर व्यापक जनआंदोलन चलाए, जिनसे प्रेरित होकर देश-विदेश में लाखों लोगों ने नशे का त्याग किया। आज भी सरकारें और सामाजिक संगठन गांधी के विचारों से प्रेरणा लेकर नशा मुक्ति कार्यक्रम संचालित कर रहे हैं।कांग्रेस ने आरोप लगाया कि स्वयं को संस्कृति और राष्ट्रवाद का पक्षधर बताने वाले संगठन और उनकी राजनीतिक इकाई, जिसकी वर्तमान में छत्तीसगढ़ में सरकार है, ने पहली बार गांधी की पुण्यतिथि जैसे पावन अवसर पर शासकीय शराब दुकानों को बंद रखने के बजाय खुला रखने का निर्णय लिया। यह निर्णय न केवल सामाजिक बुराई को बढ़ावा देने वाला है, बल्कि राष्ट्रपिता की स्मृति और उनके आदर्शों के प्रति असंवेदनशीलता को भी उजागर करता है। ब्लाक कांग्रेस ने कहा कि जिस समय पूरा देश और विश्व सत्य और अहिंसा के प्रतीक महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके विचारों में वैश्विक तनाव और हिंसा का समाधान खोज रहा है, उसी समय उनकी पुण्यतिथि पर शराब बिक्री की अनुमति देना घोर विरोधाभास है। यह कदम गांधी के सत्य, अहिंसा, ग्राम स्वराज, लोक कल्याणकारी राम राज्य, लोकतंत्र, संविधान और धर्मनिरपेक्ष मूल्यों के प्रति विरोध की मानसिकता को दर्शाता है।

रतिराम कोसमा ब्लाक कांग्रेस कमेटी दल्ली राजहरा ने इस निर्णय की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए सत्य, अहिंसा, लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व में आस्था रखने वाले नागरिकों से अपील की है कि वे इस अनैतिक निर्णय का विरोध करें और गांधी के विचारों की रक्षा के लिए आवाज उठाएं।रत्तीराम कोसमा, अध्यक्ष, ब्लाक कांग्रेस कमेटी, दल्ली राजहरा ने उक्त जानकारी दिया।



## नव-साक्षरों को वितरित किया गया प्रमाण पत्र

गुण्डरदेही। भारत सरकार के उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पंचायत गुण्डरदेही में शिक्षा की एक नई अलख जगाई गई है। इस अभियान के तहत नगर पंचायत के सभी वार्डों में शिक्षा प्राप्त करने वाले नव–साक्षरों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रमाण पत्र वितरित किए। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से मधु यादव, अंजू बाला साहू और प्रभा साहू ने नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन उपाध्यक्ष विजय सोनकर से सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने अभियान की प्रगति की विस्तृत जानकारी देते हुए प्रमाण पत्रें पर हस्ताक्षर करवाए। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज के विकास का आधार है। उन्होंने सभी हितग्राहियों को बधाई दी और उनके जज्बे को सलाम किया जिन्होंने उम्र की बाधा को पार करते हुए अक्षर ज्ञान प्राप्त किया। उपाध्यक्ष विजय सोनकर ने कहा कि पूर्ण साक्षरता से ही नगर आत्मनिर्भर बनेगा।

## 'स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान' का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला बालोद में जिला प्रशासन के आदेशानुसार व मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर जेएल उईके के निर्देशन में एवं जिला कुष्ठ नोडल अधिकारी डॉक्टर आर रावटे के मार्गदर्शन में बालोद जिले में प्रतिवर्ष की तरह 30 जनवरी से 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पुण्यतिथि को विश्व कुष्ठ दिवस मनाया जाता है, जिला कुष्ठ अधिकारी के द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत इस अभियान का उद्देश्य आमजन को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक करना, इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना तथा रोग से प्रभावित व्यक्तियों के प्रति समाज में सम्मान, संवेदनशीलता एवं समानता की भावना विकसित करना है। इस अवसर पर जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से विभिन्न जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। अभियान के अंतर्गत शपथ ग्रहण, जागरूकता रैली, पोस्टर–पम्पलेट वितरण, विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जानकारी परक कार्यक्रम तथा आमजन को कुष्ठ रोग के लक्षण, उपचार एवं रोकथाम के बारे में जानकारी दी जा रही है। अधिकारी द्वारा बताया गया कि कुष्ठ रोग पूरी तरह से उपचार योग्य है तथा समय पर पहचान एवं नियमित दवा सेवन से रोग से पूर्णतः मुक्ति पाई जा सकती है। उन्होंने अपील की कि किसी भी प्रकार के त्वचा पर सुन्नपन, सफेद या लाल धब्बे दिखाई देने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में निरूशुल्क जांच एवं उपचार कराएं।

### स्पर्श अभियान का संदेश है- भेदभाव नहीं, सहयोग और सम्मान

जिला प्रशासन ने नागरिकों से आग्रह किया कि वे कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव न करें तथा उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में सहयोग करें। स्पर्श अभियान का संदेश है— भेदभाव नहीं, सहयोग और सम्मान। यह अभियान जिले भर में निर्धारित अवधि तक संचालित किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक लोगों तक सही जानकारी पहुंच सके।

## गुण्डरदेही में हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम व निकली जनजागरूकता रैली




**बालोद/कलंगपुर**। नई भारत मानव संसाधन विकास विभाग एवं खेल एवं युवा कल्याण के सहायक निर्देशक नितिन शर्मा भारत सरकार एवं जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना जिला बालोद डॉ लीना साहू के तत्वाधान में अनुविभागीय अधिकारी गुण्डरदेही के सहयोग से सर्व विभाग की उपस्थिति में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही पुरुषोत्तम चंद्राकर, अध्यक्ष नगर पंचायत गुण्डरदेही प्रमोद जैन, सभापति जनपद पंचायत गुण्डरदेही गुलशन साहू, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, जनपद पंचायत गुण्डरदेही सीईओ, कृषि अधिकारी गुण्डरदेही, बीएमओ गुण्डरदेही, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग गुण्डरदेही, कार्यक्रम अधिकारी संजय शुक्ला, व्याख्याता कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना कोमल सिंह कुल्हारे, घनश्याम साहू, ज्ञानप्रकाश साहू, किरण देवांगन, ओपी साहू सहित माता कर्मा महाविद्यालय गुण्डरदेही, शाहिद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुण्डरदेही, ज्ञान दीप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुण्डरदेही सहित सभी राष्ट्रीय सेवा योजना परिवार के स्वयं सेवकों की सहभागिता से कार्यक्रम का संचालन हुआ, जिसमें एसडीएम कार्यालय से मतदाता जागरूकता शपथ के साथ जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

जन जागरूकता संदेश, देश है पुकारता पुकारती मां भारती, मत की महत्ता को स्वीकार करे हर भारतीय एवं जगे राष्ट्र की क्या पहचान, हर मतदाता करे मतदान है जागरूकता पूर्ण नारे लगाए गए।




## पेज 9 के शेष

### टोकन न मिलने ...

लगातार प्रयास किया लेकिन लिमिट कम है कहकर टोकन नही दिया गया।

**लिमिट कम था: समिति प्रबंधक:** समिति प्रबंधक यशवंत सार्वा ने कहा लिमिट कम था। 19 जनवरी से टोकन जारी करना पूरी तरह बंद था। दो दिन के लिए प्रतिदिन 200–200 क्विंटल का लिमिट दिया गया है। समिति मे 40 किसानो का आवेदन टोकन के लिए प्राप्त हुआ है। समिति मे 33 किसानो ने एक भी बार धान नही बेचा है। चूंकि टोकन नही कटा है इसलिए उच्च अधिकारियो के निर्देशानुसार धान खरीदी नही किया जा रहा है। शुक्रवार के ऐसे कुल 9 किसान धान लेकर पहुंचे है जिन्होने टोकन नही कटवाया है।

**लिमिट बढ़ाने के लिए प्रयास जारी: एसडीएम :** एसडीएम आरके सोनकर ने कहा लिमिट बढ़ाने की मांग की गई है। कलेक्टर महोदय भी इसके लिए उच्च कार्यालय से लगातार प्रयास कर रही है।

### गुण्डरदेही में कांग्रेस का धरना ...

संवैधानिक अधिकार की पूर्ण बहाली की मांग को लेकर दृढ़ संकल्पित है और सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई जारी रहेगी, अन्य वक्ताओं ने भी केंद्र की मोदी सरकार एवं राज्य की साय सरकार पर जमकर हल्ला बोला।

**ये रहे उपस्थित:** इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष कृष्णा दुबे, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम पटेल, डॉ नारायण साहू, प्रवक्ता यज्ञदेव पटेल, ब्लाक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष संजय साहू, भोजराज साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष केके राजू चंद्राकर, संजय बारले, पार्षद सलीम खान, तामेश्वर देशमुख, सुचित्र साहू, जनपद सदस्य आसिफ गहलोत, सलीम खान सहित सैकड़ो की संख्या में बूथ अध्यक्षगण एवं कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### फर्जी चोरी की ...

22 जनवरी को रात 10 बजे करीबन ट्रक को ड्राईव कर डौण्डी से राजनांदगांव होते हुए दलाल के साथ नागपुर गये वंहा एक ट्रांसपोर्टर कलवंत सिंह से मिले और ट्रक का सौदा कर वाहन का पेपर कलर कापी मे उसे दिये । ट्रांसपोर्टर से पूछताछ पर आरोपी द्वारा ट्रक अपने बूआ के बेटे का होना एवं उसकी सहमति से ट्रक को विक्रय करने के संबंध में झूठ बोला जाना बताया गया। आरोपियो को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है।

**गिरफ्तार हुए आरोपियों के नाम:** 1. नरेन्द्र जायसवाल पिता लखन लाल जायसवाल उम्र 39 साल पता वार्ड क्र 13 बस स्टैण्ड डौण्डी थाना डौण्डी जिला बालोद (छ.ग.)

2. मनेन्द्र जायसवाल पिता लखन लाल जायसवाल उम्र 34 साल पता वार्ड क्र 13 बस स्टैण्ड डौण्डी थाना डौण्डी जिला बालोद (छ.ग.) 3. लखन लाल जायसवाल पिता हिंगू राम जायसवाल उम्र 71 साल पता वार्ड क्र 13 बस स्टैण्ड डौण्डी थाना डौण्डी जिला बालोद (छ.ग.) पूर्व आपराधिक रिकार्ड- नरेन्द्र जायसवाल व मनेन्द्र जायसवाल के खिलाफ आबकारी एक्ट का मामला दर्ज है। प्रकरण में एक अन्य आरोपी फरार है जिसकी पतासाजी की जा रही है।

इनकी रही विशेष भूमिका - थाना डौण्डी से सउनि दुर्जन रावटे, सायबर सेल से प्रभारी स0उ0नि धरम भूआर्य, प्रधान आरक्षक ज्ञानेश चंदेल ,भुनेश्वर मरकाम, विवेक शाही, रूमलाल चुरेन्द्र ,आरक्षक विपिन गुप्ता, राहुल मनहरे ,भोपसिंह साहू,, पुकेश्वर साहू, पूरन देवांगन ,आकाश सोनी, आकाश दुबे, मिथलेश यादव, गुलझारी साहू,योगेश गेडाम, योगेश पटेल, म.आर.अंबिका उसारे का विशेष भूमिका रही।

## खबर संक्षेप



### सरपंच ने अपने जन्मदिन पर कराया न्योता भोज

**गुरूर**। शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला कुलिया मे सरपंच धर्मेंद्र कुमार साहू ने अपने जन्मदिन के अवसर पर न्योता भोज का आयोजन किया एवं छात्र–छात्रओं को फल वितरण किया गया। इस अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कुलिया के प्रधान पाठक एसएस साहू, प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक बी साहू, शिक्षिका संतोषी साहू, पवार, ओ नेताम, पूनम जायसवाल, केआर हिरवानी, नागवंशी पांडे एवं समस्त स्टाप उपस्थित थे।

### ओबीसी महासभा ने उठाया पिछड़ा वर्ग की मांग का मुद्दा



**गुरूर**। ओबीसी महासभा प्रदेश ईकाई छत्तीसगढ़ के आह्वान पर यूजीसी को लागू करने एवं जातिगत जनगणना में पिछड़ा वर्ग का उल्लेख किए जाने की मांग करते हुए अनुविभागीय अधिकारी गुरूर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान ब्लॉक गुरूर अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, ब्लॉक अध्यक्ष बालोद पवन कुमार साहू, कमलेश कुमार, देवल साहू, झम्मन हिरवानी की उपस्थिति में ज्ञापन सौंपा गया।

### डोकला में हुई नए पदाधिकारियों का मनोनयन



**गुरूर**। ग्राम डोकला में ग्राम विकास समिति के नवीन पदाधिकारी का मनोनयन हुआ। जसमें सर्व सम्मति से अध्यक्ष बरदानी राम ठाकुर को चुना गया। उपाध्यक्ष पुरानिक सिन्हा, कोषाध्यक्ष लोकेश्वर लावत्रे, सचिव तुकेश कुंजाम, सहसचिव खिलेन्द्र तेंदुलकर, संरक्षक खुलास राम नेताम को पदाधिकारी चुना गया। पूर्व पदाधिकारी, सुखित नागवंशी, काशीराम नेताम, आनंद राम नेताम, रेखराम सहरे, बेदराम नागवंशी व टोकेश्वर लावत्रे का श्रीफल और प्रतीक चिन्ह से सम्मान किया गया।

## आयोजन : सांस्कृतिक कार्यक्रमों से गूंजा विद्यालय परिसर

# सशिमं डौंडी लोहारा में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

सरस्वती शिशु मंदिर डौंडी लोहारा में हर्षोल्लास के साथ 77 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सिया राम सार्वा (पूर्व प्रादेशिक सचिव सरस्वती शिक्षा ग्राम भारती छ.ग.), अध्यक्षता डोमार साहू प्राचार्य, विशेष अतिथि बेनीराम देवांगन उपाध्यक्ष नवज्ञानोदय शिक्षण समिति डौंडी लोहारा, महेंद्र जायसवाल सह सचिव व संस्थापक सदस्य नवज्ञानोदय शिक्षण समिति डौंडी लोहारा, मनीष सिन्हा डिप्टी रेंजर बालाघाट, डोमेंद्र देशमुख कोषाध्यक्ष द्वारा मां सरस्वती भारत माता की पूजा आराधना व दीप वंदना कर ध्वजारोहण किया गया।

■ अतिथियों ने अधिकारों के साथ कर्तव्यों के निर्वहन का दिया संदेश

राष्ट्रगान व अतिथि स्वागत उपरांत सरस्वती वंदना,स्वागत गीत, हमारा लक्ष्य, पंचांग व्यक्तिगत गीत, के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभांरभ हुआ।अतिथियों का परिचय तोरन ठाकुर वरिष्ठ आचार्य द्वारा कराया गया। बहन जागृति कोलियारे एवं साथियों के द्वारा दीप वंदना सरस्वती वंदना, स्वागत गीत और छत्तीसगढ़ महतारी वंदना प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज का यह दिन केवल तिरंगा फहराने या उत्सव मनाने का दिन नहीं है, बल्कि यह उस गौरवशाली क्षण को याद करने का दिन है जब 26 जनवरी 1950 को हमारा अपना संविधान लागू हुआ था। यह संविधान ही है जो हमें अधिकार देता है और एकता के सूत्र में पिरोता है। एक गणतंत्र तभी मजबूत होता है जब उसके नागरिक जागरूक और अनुशासित हों। आज के दिन हमें खुद से एक वादा करना चाहिए।






#### भारत की शक्ति उसके 'लोक' में है निहित

विशेष अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज का दिन हमारे राष्ट्र के इतिहास का वह स्वर्णिम पृष्ठ है, जो हमें याद दिलाता है कि भारत की शक्ति उसके 'लोक' यानी हम नागरिकों में निहित है। एक विशेष अतिथि के रूप में यहाँ उपस्थित होकर और आप सभी के चेहरों पर देशभक्ति का यह उत्साह देखकर मुझे अत्यंत गर्व महसूस हो रहा है। अक्सर हम अधिकारों की बात तो करते हैं, लेकिन गणतंत्र की असली सफलता हमारे 'कर्तव्यों' में छिपी है। आज के इस डिजिटल युग में, राष्ट्र सेवा का मतलब सिर्फ सीमा पर जाना नहीं है, बल्कि पूरी ईमानदारी के साथ अपनी पढ़ाई या काम करना,समाज में फैली अफवाहों को रोकना और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार होना भी सच्ची देशभक्ति है।

### इन्होंने दी शानदार प्रस्तुति

विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में बहन तनिष्का सारथी द्वितीय, ईशा पंचम,चंद्रकांत ठाकुर षष्ठ, नमन कुमार सप्तम, ईशिता पटेल अरूण द्वारा अंग्रेजी में भाषण, बहन सुमन मंडावी दशम, गजानंद कंवर नवम, सीमा भुआर्य षष्ठ द्वारा हिन्दी में भाषण व युक्ति देवांगन षष्ठ द्वारा संस्कृत में भाषण प्रस्तुत किया गया। लव्य व साथी अरूण, वेदान्शु व साथी उदय, लवली चौहान द्वितीय, लक्ष्मी सिन्हा व साथी तृतीय, रतिन कोसमा पंचम, दिशा पंचम, अनुराधा चौहान नवम व खिलेश्वरी निषाद व साथी द्वारा देशभक्ति गीत कविता की प्रस्तुति हुई। कक्षा अरुण से दशम के भैया बहनों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत व छत्तीसगढ़ी की विभिन्न संस्कृति को समेटते हुए मनमोहक व नयनाभिराम रिकार्डिंग डांस की प्रस्तुति दी गयी।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त आचार्य-दीदियां, स्काउट गाइड प्रभारी व कैडेट्स, किशोर भारती कन्या भारती बाल भारती शिशु भारती के पदाधिकारी भैया-बहन, नवज्ञानोदय शिक्षण समिति के सभी पदाधिकारी, पूर्व छात्र एवं समस्त पालकगण, अभिभावकगण सहित गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन व आभार प्रदर्शन तोषण चुरेन्द्र व सुमन मंडावी द्वारा किया गया। उक्त जानकारी सांस्कृतिक प्रभारी तोषण चुरेन्द्र द्वारा दिया गया।

## गणतंत्र दिवस पर हुआ मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान



**अंडा**। स्वामी आत्मानंद शा. उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय चंदखुरी प्रांगण में गणतंत्र दिवस पर प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को राजू चंद्राकर अध्यक्ष जनभागीदारी समिति और भूपेन्द्र साहू समाजसेवी व सदस्य के नेतृत्व में सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। 2023-24 और 2024-25 के कक्षा 9वीं,10वी, 11वीं और 12वीं वार्षिक परीक्षा में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त कर शिक्षकों, माता पिता एवं गांव का नाम रोशन करने वाले उन मेधावी विद्यार्थियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अतिथियों ने बच्चों से आशीर्वाद वचन में कहा कि आपकी कडी मेहनत लगन और पूरे आत्मविश्वास से किया गया कार्य का परिणाम एक दिन सफलता प्राप्त होती हैं। डरे नहीं बल्कि उससे डटकर मुकाबला करें।प्राचार्य ने इस सराहानीय कार्य के लिए जनभागीदारी समिति के पदाधिकारी को धन्यवाद देते हुए कहा कि आपने बच्चों को सम्मानित किया ऐसे सम्मान सदा करने कहा।मंच संचालन दुर्गेश साहू सदस्य जनभागीदारी सेजस विद्यालय चंदखुरी द्वारा किया गया। **ये रहे उपस्थित** : कार्यक्रम में शिखा मिश्रा प्राचार्य, राजेन्द्र चंद्राकर अध्यक्ष जनभागीदारी समिति, खेमलाल चंद्राकर भूतपूर्व सरपंच, भूपेन्द्र साहू सदस्य, पोषण देवांगन विधायक प्रतिनिधि, दुष्यंत चंद्राकर शिक्षाविद, दुर्गा देशमुख, लता चंद्राकर, मंजु देशमुख पाठक मैम जोशीसर व अन्य शिक्षक शिक्षिका एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## हर्षोल्लास के साथ मना गणतंत्र दिवस




**डौंडीलोहारा**। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बगईकोन्हा सिरपुर में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। प्रधान पाठक टेमनलाल राणा द्वारा शाला परिसर में राष्ट्र ध्वज फहराया गया। स्कूली बच्चों द्वारा देशभक्ति नारों की गूंज एवं गीत गाते हुए ग्राम सिरपुर के गली मोहल्लों में प्रभातफेरी निकाली गई। तथा प्रमुख चौक चौराहों पर वरिष्ठ नागरिकों एवं पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा राष्ट्र ध्वज फहराकर सामूहिक राष्ट्रगान गाया गया। शाला परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्कूली बच्चों ने देश भक्ति गीत, छत्तीसगढ़ी लोकगीत, नशामुक्ति प्रहसन आदि पर भावपूर्ण नृत्य की प्रस्तुति दी। विशेष आकर्षण में बारामासी गीत पर झांकी सहित प्रस्तुति रही। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक वासुदेव पटेल ने किया। शिक्षिका निशा साहू ने शाला परिसर में 77वें गणतंत्र की थीम वंदे मातरम के 150 वर्ष पर बने भव्य रंगोली का शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं गणमान्य नागरिकों को अवलोकन कराया। उल्लास कार्यक्रम के अंतर्गत नव साक्षरों को सर्टिफिकेट भी वितरित किए गये। सरपंच द्वारा आठवीं कक्षा में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किया गया।

**ये रहे उपस्थितः** कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चंपा बाई रावटे, टमेन उइके, राजिम खरे, रैमून साहू, मथुरा बाई, मोहनलाल साहू, ललिता बाई, रीतू बाई नायक, पूनाराम राणा, सरोज बाई अतिथियों में सोनार सिंह निषाद, सरपंच सेवंत नेताम, मोहम्मद सुलेमान खान, प्रधानपाठक टेमनलाल राणा, शिक्षकगण वासुदेव पटेल, निशा साहू, केशर साहू, मनीष देशमुख, गौतम तारम, मूलचंद राणा, गेंदाबाई, मीनाबाई, डोमेश्वरी, यमुना बाई, पूर्णिमा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## अटल चौक पर शान से लहराया तिरंगा



**डौंडीलोहारा**। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पुराना बस स्टैंड अटल चौक में राष्ट्रगान समिति जन गण मन द्वारा गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम की अतिथि ममता शर्मा, माया ठाकुर, माधुरी निषाद, ममता साहसी, नीरा निषाद,आरती संचेती आदि थे।जिनके कर कमलों द्वारा ध्वजारोहण किया गया । इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए प्यारेलाल निषाद ने कहा कि -आज के ही दिन हमारे वीर सपूतों ने अपने प्राणों की न्योछावर कर देश को गुलामी की जंजीरों से आजाद कराया था, मैं उन्हें नमन करता हूं, श्रीमती ममता शर्मा ने कहा कि -हमारे जवानों ने अपने आप को कुर्बान कर हमें आजादी दिलाई जिसके कारणस्वतंत्र विचरण कर रहे हैं, माया ठाकुर ने कहा कि -अगर वीर सपुत नहीं होते तो आज भी हम लोग गुलामी की जंजीरों में जकड़े होते, मैं आप सबको गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देती हूँ। श्रीमती ममता साहसी ने कहा कि - स्वतंत्रता दिवस के साथ-साथ गणतंत्र दिवस का भी अत्यंत महत्व है क्योंकि आज के दिन ही हमारे देश का संविधान लागू हुआ था। देवेंद्र जायसवाल और जसराज शर्मा ने कहा कि वीर सपूतों की यह कुर्बानी हमेशा याद रहेगी, अंत में धर्मेंद्र निषाद ने आभार प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई। **ये रहे उपस्थितः** इस अवसर पर देवेंद्र जायसवाल, जसराज शर्मा, धीरज जैन, महेंद्र जायसवाल, सुरेश देवांगन, नरेंद्र लुंकड़, प्यारेलाल निषाद, दिलीप बाफना, पलाश गुप्ता, भगवानी निषाद, धर्मेंद्र निषाद, ललित साहू, धन्नू यादव, संदीप भंसाली लोकेश, गिरीश सिन्हा, दिलीप गुजराती, मिश्रीलाल बलदाऊ, अनमोल, सिद्धू जायसवाल, मयंक जायसवाल, नमन निषाद, विकास निषाद, मोती निषाद, काजल साहसी तथा विभिन्न विद्यालय के छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

## दरगहन में पुल निर्माण का पैसा आहरित, ढेड़ साल में कार्य नहीं शुरू

**गुरूर**। पुल बनाने के नाम पर लाखो रूपये का आहरण हो गया, लेकिन ढेड़ साल में कार्य प्रारंभ नही हुआ। तात्कालिक पंचायत राशि लेकर घुम रही है। ग्रामीण पुलिया को तत्काल पुरा करने की मांग कर रहे है। मामला ग्राम पंचायत दरगहन का है। ग्राम पंचायत मे जिला खनिज न्यास निधि से 7 लाख रूपये ग्राम दानीटोला से दरगहन मुख्य मार्ग से कन्हारपुरी जाने वाले मार्ग में पुलिया निर्माण के लिए स्वीकृत हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह राशि 2024 में स्वीकृत हुआ था। कार्य के लिए प्रथम किस्त के रूप में आधी राशि पंचायत को जारी हो चुकी है। बताते है कि पंचायत ने पुलिया के लिए प्राप्त 3.50 लाख की राशि का आहरण कार्य आरंभ किए बिना ही कर लिया है। आरोप है कि यह राशि 2024 मे ही आहरित कर लिया गया है। पंचायत द्वारा राशि आहरित करने के ढेड़ साल बाद भी पुलिया के नीव की खुदाई भी प्रारंभ नही हो सकी है। मात्र एक गाड़ी रेत एवं एक गाड़ी गिट्टी कार्य स्थल पर डाला गया है। जिसकी चोरी भी हो रही है। मामले में सरपंच ग्राम पंचायत दरगहन त्रिभा बंजारे ने कहा तत्कालीन पंचायत द्वारा राशि का आहरण किया गया था, उनके द्वारा ही कार्य कराया जाएगा। पंचायत सचिव त्रिवेणी गंजीर ने कहा तत्कालीन सरपंच को प्रथम किस्त की राशि का आहरण कर दिया गया है, उन्हे कई बार कार्य आरंभ करने कहा गया, लेकिन कार्य प्रारंभ नही कर रहे है। उप अभियंता त्रिलोक डहरिया ने बताया कार्य स्थल पर विद्युत तार आ रहा है, जिसे हटाने के लिए प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही कार्य आरंभ होगा।



## कलश यात्रा के साथ प्रज्ञा पुराण कथा का शुभारंभ



**गुरूर**। प्रज्ञा मंडल धनोरा में भव्य कलश यात्रा के साथ प्रज्ञा पुराण कथा का शुभारंभ किया गया। इस दौरान ग्राम की महिलाएं व युवती पीले वस्त्र धारण कर सिर मे कलश लेकर शोभायात्र में सम्मिलित हुई।



## हुलसिया चौहान को सौर ऊर्जा अपनाने पर मिला प्रथम नागरिक सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर जनपद पंचायत डौंडीलोहारा अंतर्गत विद्युत विभाग मुख्यालय में भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना "प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना" के सफल संचालन, प्रचार-प्रसार एवं नागरिकों को योजना से जोड़ने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान नगर की निवासी हुलसिया चौहान को पूरे नगर में प्रथम व्यक्ति के रूप में अपने घर में सौर पैनल स्थापित कराने पर स्मृति चिन्ह, प्रमाणपत्र, शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत सौर ऊर्जा को अपनाने की पहल और अन्य नागरिकों को प्रेरित करने हेतु प्रदान किया गया।

इसके साथ ही विद्युत विभाग द्वारा नियमित रूप से बिजली बिल का समय पर भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं का भी सम्मान किया गया, जिससे उपभोक्ताओं में जागरूकता, जिम्मेदारी एवं सकारात्मक प्रतिस्पर्धा का संदेश गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयलाल मालेकर (उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत डौंडीलोहारा) रहे, जबकि अध्यक्षता विद्युत विभाग के ए.ई. मणिराम तारम ने की। विशिष्ट अतिथियों में उत्तम यदु (सभापति, जनपद पंचायत), टिकेश्वर साहू, डोमेंद्र राजपूत (जनपद सदस्य), महावीर साहू (पूर्व जनपद सदस्य), डोमेंद्र देशमुख (उपसरपंच, बटेरा), देवरी जे.ई. गीतिका ठाकुर, जेवरतला जे.ई. नीलम देशलहरे, सुरेगांव जे.ई. ओम प्रकाश ध्रुव सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं आम नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम में वक्ताओं ने सौर ऊर्जा के महत्व, स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग, बिजली बचत, आत्मनिर्भर ऊर्जा व्यवस्था तथा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। विद्युत विभाग द्वारा आम नागरिकों को योजना से जुड़ने हेतु जानकारी प्रदान की गई तथा भविष्य में अधिक से अधिक घरों में सौर पैनल स्थापना के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल सम्मान समारोह तक सीमित न होकर, समाज में हरित ऊर्जा, ऊर्जा आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना रहा, जिसे नागरिकों ने सराहनीय पहल बताया।

## 0.925 किमी लंबी सड़क का शिलान्यास, विकास के लिए बड़ी पहल

# विधायक ने कोनारी में किया सड़क परियोजना का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोनारी में आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए इस अवसर पर दुर्ग बालोद मुख्य मार्ग से ग्राम कोनारी पहुँच मार्ग के निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया गया।

लगभग 0.925 किलोमीटर लंबी इस सड़क परियोजना की स्वीकृत लागत 140.77 लाख है, जो क्षेत्र के आवागमन एवं विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। कार्यक्रम में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ नवीन विकास कार्यों की आधारशिला रखी गई। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने अपने संबोधन में कहा हमारी सरकार लगातार लोगों के जीवन के खुशियां लाने का काम कर रही और अन्तिम पंक्ति पर बैठे व्यक्ति तक विकास कैसे पहुंचे इस दिशा में निरन्तर कार्ययोजना बनाकर काम कर रही है आपके गांव के विकास के लिए पैसे की कमी नहीं होगी इस बात की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है आने वाले समय में प्राथमिकता क्रम में आपके गांव में विकास कार्य होंगे।



ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर ग्राम सरपंच गुंजेश्वरी साहू, उपसरपंच सुरेश साहू, मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख , महामंत्री डिलेश साहू, पुराण देशमुख, पंचगण हितेश्वरी साहू,झुनिया बाई साहू,देवनारायण साहू ,नंद साहू ,बी.आर. साहू , पारसचंद साहू, विक्रम साहू, बिसौह साहू , कांती साहू वासु चंद्राकर, चित्ररेखा साहू ,राधाबाई साहू, रविकांत साहू, सोनिया साहू साथ ही लोक निर्माण विभाग से एसडीओ एस.एस. साहू एवं सब इंजीनियर सुनील धीड़ी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने सहभागिता कर विकास कार्य के प्रति उत्साह और समर्थन व्यक्त किया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com


19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411